# Monthly Current Affairs April 2025 in Hindi : जानें अप्रैल माह के महत्वपूर्ण करेंट अफेयर्स अप्रैल 2025




1) केंद्र ने 23 अप्रैल, 2025 को राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ) के तहत जैव-इनपुट संसाधन केंद्र (बीआरसी) स्थापित करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए।

2) भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने सुझाव दिया है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 53(2) के तहत निर्विरोध निर्वाचित घोषित उम्मीदवारों को लोकतांत्रिक वैधता

बनाए रखने के लिए न्यूनतम वोट प्रतिशत (10-15%) हासिल करना चाहिए।

3)वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा सीएसआर खर्च 16% बढ़कर ₹17,967 करोड़ हो गया, जिसका नेतृत्व एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस और ओएनजीसी ने किया।

4) गाजियाबाद नगर निगम ने भारत का पहला प्रमाणित ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड जारी किया है।

5) Meta India की पूर्व प्रमुख और अब Verix की सीईओ कीर्तिगा रेड्डी ने भारत सरकार और वैश्विक निकायों के साथ साझेदारी में 21 अप्रैल, 2025 को एआई किरण लॉन्च किया है।

6)भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अनिवार्य किया है कि 1 मई, 2025 से बैंकों, एनबीएफसी और भुगतान ऑपरेटरों सहित सभी विनियमित संस्थाओं को लाइसेंस, अनुमोदन और प्राधिकरण के लिए आवेदन जमा करने के लिए प्रवाह पोर्टल (विनियामक आवेदन, सत्यापन और प्राधिकरण के लिए प्लेटफॉर्म) का उपयोग करना होगा।

7) एक बड़े नेतृत्व परिवर्तन में, इंडसइंड बैंक के एमडी और सीईओ सुमंत कठपालिया ने बैंक के डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में गंभीर लेखांकन विसंगतियों के लिए नैतिक जिम्मेदारी का हवाला देते हुए तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया, जिससे ₹1,959.98 करोड़ का संचयी नुकसान हुआ।

8) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने न्यायमूर्ति बी.आर. गवई को भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया है और वह 14 मई, 2025 को शपथ लेंगे। न्यायमूर्ति के.जी. बालाकृष्णन के बाद वह इस पद पर आसीन होने वाले दूसरे अनुसूचित जाति के न्यायाधीश हैं।

9) अंतर्राष्ट्रीय मज़दूर दिवस 2025, 1 मई को मनाया जाएगा

10) अंतर्राष्ट्रीय जैज़(Jazz) दिवस 2025, 30 अप्रैल को मनाया जाएगा।

11) 30 अप्रैल, 2025 को भारत , भारतीय सिनेमा के जनक दादा साहब फाल्के की 155वीं जयंती मनाएगा, जिन्होंने भारत की पहली फीचर फिल्म राजा हरिश्चंद्र (1913) बनाई थी।

12) भारतीय वायु सेना के अधिकारी और गगनयान अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला 29 मई, 2025 को एक्सिओम मिशन 4 (एक्स-4) पर सवार होकर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन

(ISS) के लिए उड़ान भरेंगे और आईएसएस का दौरा करने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बनेंगे।

13) भारत के इस्पात उद्योग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा की भारतीय इस्पात उद्योग अपने भविष्य के बारे में नए आत्मविश्वास से भरा हुआ है,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई में भारत इस्पात - छठे अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी और सम्मेलन का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया।

14) भारतीय नौसेना के नवनिर्मित स्वदेशी ' निर्देशित मिसाइल विध्वंसक' आईएनएस सूरत ने समुद्र में तैरते लक्ष्य पर सफलतापूर्वक सटीक निशाना लगाया।

15) मिजोरम मैं स्तिथ लेंगपुई हवाई अड्डे की सुरक्षा का दायित्व आधिकारिक रूप से केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने संभाल लिया है।

16) भारत ने अफगानिस्तान को रेबीज, टेटनस, हेपेटाइटिस बी और इन्फ्लूएंजा के चार दशमलव आठ टन टीके दान किए हैं।

REALTIMEKHABAR

17) एम्स रायपुर ने अपना पहला स्वैप किडनी प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक किया है, इस प्रकार यह नए एम्स संस्थानों में से पहला और छत्तीसगढ़ का पहला सरकारी अस्पताल बन गया है, जिसने यह उन्नत और जीवनरक्षक प्रक्रिया की है।

18) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, किरेन रिजिजू पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए वेटिकन सिटी के लिए रवाना हुए।

19) रसायन एवं उर्वरक मंत्री जे.पी. नड्डा ने विश्व टीकाकरण सप्ताह पर राष्ट्रीय 'शून्य खसरा-रूबेला' उन्मूलन अभियान का शुभारंभ किया।

20)भारतीय तटरक्षक बल ने बंगाल की खाड़ी में पुद्दुचेरी के कराईकल तट पर क्षेत्रीय स्तर का खोज और बचाव अभ्यास किया।

21) भारतीय तटरक्षक बल ने बंगाल की खाड़ी में पुद्दुचेरी के कराईकल तट पर क्षेत्रीय स्तर का खोज और बचाव अभ्यास किया।

22) भारतीय प्रतिनिधिमंडल दूसरे भारत-दक्षिण अफ्रीका जेडब्ल्यूजीटीआई सत्र के लिए दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर गया

23)NHRC ने पहलगाम में हुईं नागरिकों की हत्या की निंदा की, आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई का आह्वान किया है

24)) यूनेस्को ने 16 नए जिओ पार्क को अपनी सूची में शामिल किया है|

25) मांगीलाल जाट कोकृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग कासचिन और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है

26) चीन ने मैग्नीशियम हाइड्राइड के सहयोग से विकसित गैर-परमाणु हाइड्रोजन बम का परीक्षण किया।

27) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 मई 2025 को केरल के तिरुवनंतपुरम के पास स्थित विझिंजम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह का उद्घाटन करेंगे।

28) भारत का पहला प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर तमिलनाडु के कलपक्कम में सितंबर 2026 तक चालू हो जाएगा।

29) सिविल सेवा दिवस 21 अप्रैल 2025 को मनाया गया ।

30)22 अप्रैल 2025 को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया

31) चीन जून में दुनिया का सबसे ऊंचा पुल खोलने जा रहा है, दक्षिण-पश्चिम चीन के गुइझोऊ में हुआजियांग

ग्रैंड कैन्यन ब्रिज का निर्माण कार्य लगभग पूरा होने वाला है।

REALTIMEKHABAR

32) IISR कोझिकोड द्वारा हल्के रंग की  हल्दी विकसित की गई है जिसे "आईआईएसआर सूर्या" कहा गया है।

33) भारत ने 2025 आईएसएसएफ विश्व कप लीमा अभियान में दो स्वर्ण पदक सहित कुल 7 पदक जीते

34) तेलंगाना की पहली साइबर सुरक्षा हार्डवेयर लैब "टी-शील्ड" लॉन्च की गई

35) उत्तराखंड राज्य में स्थित सिल्क्यारा सुरंग का नाम बाबा बौखनाग के नाम पर रखा जाएगा।

36) भारतीय अभिनेत्री अनन्या पांडे को आधिकारिक तौर पर प्रतिष्ठित फ्रांसीसी लक्जरी हाउस चैन के लिए पहली भारतीय ब्रांड एंबेसडर के रूप में घोषित किया गया है

37) एशियाई एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा छठी एशियाई अंडर 18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 15 से 18 अप्रैल, 2025 तक प्रिंस नाइफ बिन अब्दुलअजीज स्पोर्ट्स सिटी, सऊदी अरब में किया गया था, जिसमें भारतीय एथलीटों ने छठी एशियाई अंडर 18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप

2025 में 11 पदक - एक स्वर्ण, पांच रजत और पांच कांस्य - के साथ अपना अभियान समाप्त किया।

38) तेलंगाना अनुसूचित जातियों (SC) के उप-वर्गीकरण को लागू करने वाला भारत का पहला राज्य बना।

39) SC बिल को राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए 3 महीने की समयसीमा तय करने का सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला।

40) न्यायमूर्ति बी. आर. गवई को भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश (CJI) के रूप में नामित किया गया।

41)गीता और नाट्यशास्त्र को UNESCO के "Memory of the World" रजिस्टर में शामिल किया गया।

42) भारत ने पहली बार मल्टी-कोर फाइबर पर क्वांटम की डिस्ट्रीब्यूशन (QKD) का सफल परीक्षण किया।

43)ब्लू ओरिजिन ने पहली बार पूरी महिला दल के साथ सफल सबऑर्बिटल स्पेस फ्लाइट पूरी की।

44) नासा के जेम्स वेब टेलीस्कोप ने K2-18b ग्रह के वातावरण में जीवन-संकेतक अणु खोजे।

45) भारत का थोक मूल्य सूचकांक (WPI) मार्च 2025 में घटकर 2.05% हुआ।

46) SEBI ने  Gensol Engineering Ltd को बाजार से प्रतिबंधित किया।

47) भारत की GDP ग्रोथ 2025 में 6.5% रहने का अनुमान (UNCTAD)।

48) भारतीय फार्मा निर्यात FY25 में $30.47 बिलियन तक पहुंचा।

REALTIMEKHABAR

49)आमिर खान को मकाओ इंटरनेशनल कॉमेडी फेस्टिवल में 'मास्टर ह्यूमर अवॉर्ड' मिला।

50) पी. शिवकामी को दलित साहित्य के लिए वेरचोल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

51) सौरभ चौधरी ने ISSF वर्ल्ड कप 2025 में 10m एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीता।

52) डोनाल्ड ट्रंप ने चीन समेत 70 देशों पर भारी टैरिफ लगाया, भारत पर भी 26% टैरिफ।

53) न्यूयॉर्क ने 14 अप्रैल को 'डॉ. बी. आर. अंबेडकर डे' घोषित किया।

54) गैबॉन में ब्राइस ओलीगुई नगुएमा को राष्ट्रपति चुना गया।

55)मोहन बागान ने ISL 2024–25 का खिताब जीता।

56) विराट कोहली ने T20 क्रिकेट में अपना 100वां अर्धशतक पूरा किया।

57) ISSF वर्ल्ड कप 2025 में भारत ने कुल 8 पदकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।

58)MGNREGS योजना के तहत 2025–26 के लिए मजदूरी दरों में ₹7 से ₹26 तक की वृद्धि, हरियाणा में ₹400/दिन की उच्चतम दर।

59) बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक 2024 पास - अब बैंक खाताधारक 4 नामांकित व्यक्ति बना सकते हैं।

60) उत्तराखंड सरकार ने 15 स्थानों के नाम बदले, जैसे औरंगज़ेबपुर → शिवाजी नगर, मियाँवाला → रामजी वाला, नवाबी रोड → अटल मार्ग।

61) वक़्फ़ (संशोधन) विधेयक 2025 और मुसलमान वक़्फ़ (निरसन) विधेयक 2024 संसद में पारित।

62) PM मोदी को श्रीलंका का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मित्र विभूषण प्रदान किया गया।

63)BIMSTEC सम्मेलन 4 अप्रैल को बैंकॉक में आयोजित, 2030 तक 6 साझा लक्ष्यों पर सहमति।

REALTIMEKHABAR

64) भारत ने 'ऑपरेशन ब्रह्मा' शुरू किया - म्यांमार में भूकंप राहत हेतु राहत सामग्री और फील्ड हॉस्पिटल भेजा।

65)मार्च 2025 में UPI लेनदेन ₹24.77 लाख करोड़, अब तक का उच्चतम रिकॉर्ड।

66)GST संग्रह मार्च में ₹1.96 लाख करोड़, FY25 में कुल ₹22.08 लाख करोड़।

67) RBI ने ₹2000 नोटों में से 98.21% को बैंकिंग प्रणाली में वापस आने की पुष्टि की।

68) IFS अधिकारी निधि तिवारी को PM मोदी की निजी सचिव नियुक्त किया गया।

69) सलिला पांडे को SBI कार्ड की नई MD और CEO नियुक्त।

70) शिरले अयोर्कोर बोचवे को राष्ट्रमंडल की पहली अफ्रीकी महिला महासचिव बनाया गया।

71) पूनम गुप्ता RBI की नई डिप्टी गवर्नर बनीं।

72) कमल हासन FICCI दक्षिण मीडिया समिति के चेयरपर्सन बने।

73) पंजाब सरकार ने नंगल को टूरिस्ट हब और श्री आनंदपुर साहिब में पहला लेपर्ड सफारी विकसित करने की घोषणा की।

74) जम्मू-कश्मीर में महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा शुरू।

75) झारखंड में सरहुल त्योहार 1 अप्रैल को मनाया गया - वनों और आदिवासी संस्कृति को समर्पित।

76)एक्सिस बैंक और जेपी मॉर्गन ने भारत का पहला 24x7 डॉलर भुगतान सेवा शुरू की।

77) रेनॉल्ट ने निसान से 51% हिस्सेदारी लेकर भारतीय यूनिट पर पूर्ण नियंत्रण पाया।

78)हरियाणा सरकार ने भिवानी जिले के मिताथल और तिघराना हड़प्पा स्थलों को संरक्षित पुरातात्विक स्थल घोषित किया।

REALTIMEKHABAR

79) पीएम मोदी ने दिल्ली में "नवकार महामंत्र दिवस" में भाग लिया।

80) 7वां पोषण पखवाड़ा 2025 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक आयोजित; महिलाओं और बच्चों में पोषण सुधार पर केंद्रित।

81) भारत और श्रीलंका के बीच ऐतिहासिक रक्षा समझौता हुआ।

82) श्रीलंका में 5,000 धार्मिक स्थलों पर रूफटॉप सोलर प्रोजेक्ट - भारत द्वारा ₹140 करोड़ सहायता।

83) भारत ने सिएरा लियोन में दिव्यांगों के लिए ₹8.2 करोड़ की सहायता दी।

84) पीएम मोदी ने नया पंबन ब्रिज (तमिलनाडु) का उद्घाटन किया - भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट सी ब्रिज।

85) कवच 5.0 प्रणाली की घोषणा - मुंबई लोकल सेवा में 30% सुधार हेतु।

86) RBI ने रेपो रेट 6% किया; SDF 5.75% और MSF 6.25%।

87) PM मुद्रा योजना को 10 वर्ष पूरे; ₹32.61 लाख करोड़ के 52 करोड़ ऋण वितरित।

88) RBI ने WhatsApp पर 'RBI कहता है' चैनल लॉन्च किया।

89) Juspay बना भारत का पहला यूनिकॉर्न 2025 में।

90) न्यायमूर्ति अरुण पाली को जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नामित किया गया।

91) बलाजी नुथालापाड़ी को इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक का टेक्नोलॉजी डायरेक्टर नियुक्त।

92) नीलम ढुंगाना नेपाल की कार्यवाहक गवर्नर बनीं।

REALTIMEKHABAR

93)सऊदी अरब ने 14 देशों पर हज के दौरान अस्थायी वीजा प्रतिबंध लगाया (भारत सहित)।

94)कजाकिस्तान में विशाल दुर्लभ खनिज भंडार की खोज।

95) गैबॉन में 12 अप्रैल को राष्ट्रपति चुनाव - ब्राइस ओलिगुई नगुएमा प्रमुख प्रत्याशी।

96) जापान ने दुनिया का पहला 3D प्रिंटेड रेलवे स्टेशन बनाया (हात्सुशिमा स्टेशन)।

97) सुदर्शन पटनायक को Fred Darrington पुरस्कार मिला - गणेश जी की शांति थीम पर रेत कला।

98) राजेश उन्नी को राष्ट्रीय समुद्री वरुण पुरस्कार।

99) डॉ. अम्ब्रिश मित्तल को IOF CSA मेडल ऑफ अचीवमेंट 2025।

100) “Women and Men in India 2024” रिपोर्ट: महिला शिक्षा, बैंक खातों, स्टार्टअप में वृद्धि।

101) महिला मतदाता भागीदारी 65.8%, पुरुषों के बराबर।

102) महिला जीवन प्रत्याशा बढ़कर 71.3 वर्ष हुई।

103) महाराष्ट्र: खुलताबाद का नाम बदला गया → रत्नापुर।

104) मध्यप्रदेश: नया डॉ. भीमराव अंबेडकर वन्यजीव अभयारण्य घोषित।

105) उत्तराखंड: जल संरक्षण हेतु भागीरथ ऐप लॉन्च।

106) हरियाणा: अग्निवीरों को 20% आरक्षण की घोषणा।

REALTIMEKHABAR